O/C

# सेंट्रल रेलवे ट्रैकमेंटेनर यूनियन

## Central Railway Trackmaintainer Union

Office - E-05, Enasa Barrack, Mahapalika Marg, Azad Maiadan, Mumbai - 400001.

Regd. No. A.L.C / Karyasan-17-11191)

Email : crtu.mumbai1191@gmail.com Twiter : @crtu_cr_rly

पत्र क्र. CRTU/DP/DS/BB/01

दि. 12/05/2025

प्रति,
मा. मंडल रेल प्रबंधक,
मध्य रेल, मुंबई,छ.शि.म.ट।

महोदय,

विषयः कर्मचारियों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के निराकरण हेतु मंडल रेल प्रबंधक मुंबई के कार्यालयों के समक्ष क्रमशः दि. 28/05/2025 को विरोध एवं धरना प्रदर्शन का नोटिस।

महोदय निम्न समस्यायें जो कर्मचारियों को आंदोलित कर रही है एवं जिन्हें हर संबंधित अधिकारियों के संज्ञान मे समय - समय पर लाने का कार्य करने के बावजूद निराकरण नही हो सका है जिसके कारण कर्मचारियों को न सिर्फ उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है अपितु बेहद त्रस्त हैं। यूनियन के समक्ष इन समस्याओं का निराकरण के लिये आंदोलन के अलावा अन्य कोई मार्ग उपलब्ध नही है अतः यूनियन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि मंडल रेल प्रबंधक कार्यालयों के समक्ष दिनांक 28/05/2025 को 03:00 बजे से प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने का कार्य किया जायेगा।

**ज्वलंत समस्यायें निम्नलिखित हैं:**

1. **बडनेरा वर्क शॉप मे चयनित ट्रैकमेंटेनर कर्मचारियों को शीघ्र रिलीव करने हेतु आवेदन :**
मुंबई मंडल मे कार्यरत ट्रैकमेंटेनर कर्मचारियों को वर्षों के बाद ऑप्शन के आधार पर नव निर्मित बडनेरा वर्कशॉप के लिए आवेदन करने का मौका मिला और मंडल से 334 योग्य ट्रैकमेंटेनेर चयनित हुआ जिसका चयनित सूची जारी किए लगभग 8 महीने होने के बावजूद एक भी ट्रैकमेंटेनर को रिलिव नहीं किया गया। हम जानते है कि एक साथ सभी को रिलिव करना संभव नहीं है लेकिन कम कम संख्या मे रिलीव किया जा सकता है, निवेदन है चयनित कर्मचारियों को रिलीव किया जाए ।

2. **मुंबई मण्डल मे 10%, 40% इंटेक कोटा को नियमित करने हेतु :**
आप सभी आगवत है कि रेलवे मे सभी विभागों के कर्मचारियों के अपेक्षा ट्रैकमेंटेनर कर्मचारी का कार्य काफी कठिन है, समय के साथ साथ कर्मचारियों का शारीरिक शक्ति कम हो जाता है फलस्वरूप वैसे कर्मचारी ट्रैक का कार्य करने पूर्णतः सक्षम नहीं होता है ऐसे कर्मचारियों के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा रेलवे हित मे 10%,40% इंटेक कोटा तहत जिनका उम्र 36 साल से ऊपर हो /8 साल से अधिक दिन का सर्विस पूरा हो चुका हो उन्हे इस कोटा के तहत अन्य विभाग जैसे वर्क शॉप, करशेड , डीजल शेड, ऑपरेटिंग मे स्थानांतरण करने का प्रावधान इस उदेश्य से बनाया गया है ताकि जो शारीरिक रूप से कमजोर हुए ट्रैक मेंटेनर कर्मचारी इन जगहों पर अच्छा सेवा दे सके। इस कोटा के तहत POH भुसावल, माटुंगा वर्क शॉप के लिए चयनित हुए हैं जिन्हे लंबे समय से रिलिव नहीं किया गया है उन सभी को रिलीव किया जाए तथा मुंबई मंडल मे वर्षो से इंटेक कोटा का वैकेंसी नहीं निकाला गया है तुरंत निकाला जायें।

3. **रेलवे व ट्रैकमेंटेनर कर्मचारियों के सुरक्षा के साथ खिलवाड़ पर रोक :**
मध्य रेलवे मुख्यालय द्वारा जारी पत्र क्रमांक CR/P-HQ/EC-1/70/3/Reastructurin of Tracmaintainer Dt. 05/10/2025, और वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मुंबई द्वारा जारी पत्र क्रमांक BB.W.Mics/CPWI.HQ Dt.01/04/2022 के निर्देशानुसार वैसे ट्रैकमेंटेनर जिनका ग्रेड पे रु 2400, 2800 है उनसे ऑफिस मे सहायक लिपिक, स्टोर कीपर , ट्रॉली मैन इत्यादि का कार्य नहीं लिए जाने का आदेश है। लेकिन इस आदेश को किसी भी डिपो मे अमल मे नहीं लाया गया, आज भी सैकड़ों ट्रैकमेंटेनर जिनका ग्रेड पे रु 2800, 2400 है ट्रॉली मैन व ओफिसों कार्य कर रहे है। इसमे कुछ ऐसे ट्रैकमेंटेनेर है जिनके नाम से की-मैन का बिट आवंटित है लेकिन लेकिन उस बिट मे किसी जूनियर ट्रैकमेंटेनर को

R
1703

ठाणे अंमलदार
छत्रपती शिवाजी महाराज टर्मिनस
रेल्वे पोलीस ठाणे, मुंबई

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय
Divl. Rly. Managers Office
मध्य रेल/C.R.
16/05/25
CSMT MUMBAI
छ.शि.म.ट. मुंबई

जबरन भेज जाता है परिणाम रेल दुर्घटना व ट्रैकमेंटेनर का रन-ओवर हो रही है। सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए वरिष्ठ सभी ट्रैकमेंटेनर को उनके मूल कार्यों पर भेज जायें।

4. **विभागीय पदोन्नती रिक्तियां निकालकर ट्रैकमेंटेनर को आगे बढ़ने का अवसर दें:**
अन्य विभागों के तुलना मे ट्रैक मेन्टेनर कारमचारियों का पदोन्नति रास्ता बहुत कम है बावजूद वर्ष 2021 के बाद 20% LDCE पदोन्नति के तहत JE P/PAW का कोई रिक्तियां नहीं निकाला गया है जिसके कारण मंडल के योग्य हजारों कर्मचारी पदोन्नती से वंचित है ,निवेदन है कि विभागीय रिक्तियां निकालकर पदोन्नती का अवसर प्रदान करे।

5. **सभी इंजीनियरिंग गेटों पर 8 घंटे की ड्यूटी सुनिश्चित करें।**
रेलवे बोर्ड आदेशानुसार वैसे इंजीनियरिंग गेट जिसका TVU 5000 से अधिक हो उस सभी गेटों पर गेट मैन का ड्यूटी आठ घंटे ही लिया जाना चाहिए और मुंबई मंडल के कुछ गेटों पर लिया भी जा रहा है और कुछ गेटों पर आज भी 12 घंटे का ड्यूटी लिया जा है। सभी गेटों पर 8 घंटे का ड्यूटी सुनिश्चित करे।

6. **मंडल ट्रेनिंग सेंटर (DTC) मे हॉस्टल का व्यवस्था :**
कार्य करने की गुनवाता बढ़े, सुरक्षित व संरक्षा के साथ सेवा दे सके इस उदेश्य से प्रशिक्षण दिया जाता है और ये संभव तब होगा जब कर्मचारी तनाव मुक्त DTC से प्रशिक्षित हो। वैसे ट्रैकमेंटेनर जो लोनावाला, ईगतपुरी, पेन से DTC के लिए CSMT आते है लगभग इन्हे 2-3 घंटे समय आने और 2-3 घंटे जाने मे जिसके कारण काफी थक जाता है, जिसके कारण क्लास मे थकान महसूस करते है प्रशिक्षण का लाभ नहीं उठा पाते है। आपसे निवेदन है कि दूर से आ रहे हैं ट्रैकमेंटेनर कर्मचारी को रुकनेके लिए DTC मे ही हॉस्टल तथा खाने का व्यवस्था किया जाए।

7. **संवेदनशील पदों पर स्थानान्तर नीति का अनुपालना :**
रेलवे बोर्ड व CVC द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार वरिष्ठ /कनिष्ठ / प्रभारी अभियंताओं व वरिष्ठ कनिष्ठ लिपिकों इत्यादि वे सभी संबंधित अधिकारी जो संवेदनशील पदों पर कार्यरत कर्मचारियों का स्थानांतरण प्रत्येक तीन वर्षों मे किया जाना अनिवार्य है किन्तु वास्तविकता मे इन स्थानांतरण नियम को मंडल मे लागू नहीं किया जा रहा है जिससे विभागिए निष्पक्षता पर प्रशं चिन्ह उत्पन हो रहा है। निवेदन है कि समय- समय पर स्थानांतरण नियम लागू किया जायें।

8. **मस्टर शीट पर ट्रैकमेन्टेनर कर्मचारी का हस्ताक्षर की अनुमति:**
ट्रैकमेंटेनर कर्मचारियों कि उपस्थिती मे पारदर्शिता एवं जावबदेही सुनिश्चित करने हेतु उपस्थिती रजिस्टर पर प्रतिदिन हस्ताक्षर कि व्यवस्था की का जाए, जिससे किसी भी प्रकार का फर्जी उपस्थिती भ्रम का स्थिती समाप्त हो सके।

9. **राष्ट्रीय अवकाश (NH) के दिन ड्यूटी करने वाले कर्मचारी को CR प्रदान करने संबंध में:**
राष्ट्रीय अवकाश (NH) के दिन ड्यूटी करने वाले कर्मचारी को नियमानुसार दो विकल्पों में से एक प्रदान किया जाएगा: या तो उसे उस दिन के लिए निर्धारित अतिरिक्त वेतन (NH भुगतान) दिया जाए अथवा, यदि कर्मचारी चाहे, तो उसके विकल्प के अनुसार उस दिन के बदले में एक अन्य दिन का अनिवार्य अवकाश (Compensatory Rest – CR) प्रदान करने का प्रावधान करे।

10. **पी . वे. विभाग के सभी कार्यालयों व ट्रैकमेन्टेनर के गैंग हटो के सफाई के लिए सफाई कर्मचारी आवंटन किया जायें।**
रेलवे के किसी भी विभाग के अधिकारी कार्यालय हो या कर्मचारियों के लिए रेस्ट रूम जिसका साफ सफाई करने के लिए सफाईकर्मी आवंटन नहीं किया हो ले किन बड़े ही दुख की बात हैं कि आज तक पी वे विभाग के किसी भी कार्यालयों मे सफाई के लिए सफाईकर्मी आवंटित नहीं किया है ट्रैक मेन्टेनर के गैंग हट मे तो कल्पना भी मुश्किल है। आपसे निवेदन है कि पी वे विभाग के सभी SS P/WAY कार्यालय व सभी गैंग हट सफाई के लिए सफाई कर्मी आवंटित किया जाए।

11. **इंटर डिविजन इंटर जोन के लिए ऑन रिक्वेस्ट स्थानातरण के लिए आवेदन किए कर्मचारियों को त रिलीव किया जाए।**

12. **विभागीय परीक्षा में APAR का वरीयता समाप्त किया जाए तथा लिखित परीक्षा के आधार पर मेरिट बनाया जाए तथा कर्मचारियों द्वारा APAR अपील करने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया या सुनवाई नहीं किया जाता है अपील पर सुनवाई कर उचित पुनरविचार किया जाए ।**

13. **खराब गुणवत्ता के सेफ्टी समग्री तथा अनियमित वितरण :**

ट्रैकमेंटेनरों को अक्सर प्रतिकूल मौसम – सर्दी, बारिश, गर्मी – में कार्य करना पड़ता है सुरक्षा हेतु प्रत्येक साल दो जोड़ी सेफ्टी शू, उच्च कोटी का विंटर जैकेट, रेनकोट, हैंड ग्लोब्स, थ्री कलर टार्च, पानी की थर्मस बोतल जैसी मूलभूत सामग्री जो समय पर वितरण सुनिश्चित होना है लेकिन मुंबई मंडल मे इन समग्रियो को समय पर वितरण नहीं किया जाता है, और जो भी कुछ मिलता है निम्न कोटी का होता है जो उपयोगी नहीं होता है। यह उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य दोनों के लिए घातक है, संबंधित विभाग द्वारा इन सभी सामग्री की उच्च कोटी व समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

मा . यह खेद का विषय है कि पूर्व मे जब भी गंभीर मुद्दे पर वार्ता का प्रयास किया गया संबंधित अधिकारी अनुपस्थित रहे , जिससे संवाद स्थापित नहीं हो सका और समाधान प्रक्रिया बाधित हुई।

अतः आपसे निवेदन है कि दिनांक 28/05/2025 को शिष्ट मंडल की वार्ता मे उपस्थित होकर यूनियन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन को स्वीकार करते हुए उल्लिखित समस्याओं का गंभीरता से अधीन कर शीघ्र समस्याओ का निराकरण करेंगे।

धन्यवाद,

प्रति :- 1. डिवीजनल सिक्योरिटी कमिश्नर (DSC), CSMT मुंबई।
2. वरिष्ठ मंडल पोलिस अधीक्षक (SDSP), CSMT मुंबई।

Security Commissioner, CSMT, Mumbai
16 MAY 2025
प्राप्त-किया

भवदीय
(सोनू सिंह राजपूत)
President
Central Railway Trackmaintainer Union
Mumbai Division

भवदीय
(अजय शं. दलवी)
Secretary
Central Railway Trackmaintainer Union
Mumbai Division